	न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड **Nuclear Power Corporation of India Limited** (भारत सरकार का उद्यम A Govt. of India Enterprise) **गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना** **Gorakhpur Haryana Anu Vidyut Pariyojana** गाँव व डाकः गोरखपुर125047-हरियाणा ,जिलाः फतेहाबाद ,तहः भूना , Vill& P.O. Gorakhpur, Teh: Bhuna, Distt: Fatehabad, Haryana - 125047	

सं.No-एनपीसीआईएल NPCIL/गो .प.वि.अ.ह.GHAVP/ जन.जाग .PAC/ सद.सMS./2025/121 दिनांक Date: 26/02/2025

गो.ह.अ.वि.प. पर दिनांक 22.02.2025 को आयोजित जन-जागरुकता कार्यक्रम पर रिपोर्ट
Report on PA Programme conducted at GHAVP site on 22.02.2025

गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना, एनपीसीआईएल छात्रों, शिक्षकों, जन प्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों एवं आमजन के बीच जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से समय समय पर सेमिनार-तथा अन्य जन जागरूकता एवं आउटरीच कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करती रही है।

Gorakhpur Haryana Anu Vidyut Pariyojana, NPCIL has been regularly organizing seminars and other public awareness & outreach programs time-to-time with the objective of creating awareness among students, teachers, public representatives, government officials and member of public.

गो.ह.अ.वि.परि. साइट पर दिनांक 22.02.2025 को **न्यू बीजीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोरखपुर जिला फतेहाबाद** के विद्यार्थीयों के लिए "**नाभिकीय ऊर्जा, इसके परिप्रेक्ष्य और विकिरण-जीवन का एक तथ्य**" विषय पर एक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन को किया गया। विद्यालय से शिक्षण स्टाफ सहित लगभग 75 विद्यार्थियों ने इस जन जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सभी विद्यार्थियों का ध्यान, परमाणु ऊर्जा के सुरक्षित, किफायती, पर्यावरण के अनुकूल, विद्युत ऊर्जा के दीर्घकालिक स्रोत के रूप के प्रति आकर्षित करने और उनके मन से विकिरण के बारे में गलत धारणाओं को दूर करने के लिए आकर्षित करना था।

Public Awareness program on **'Nuclear Energy, its Perspective and Radiation'** was organized at GHAVP site on dated 22.02.2025 for the students of **New BGN Senior Secondary School, Gorakhpur, Fatehabad.** Around 75 Nos. of students including teaching staff from the school participated in the programme. The aim of the program was to draw the attention towards Nuclear power as safe, economical, environmentally benign, long term source of electrical energy and remove the misconceptions about radiation from their mind.

श्री ओमबीर सिंह नर्स/डी एवं सदस्य-पीएसी ने विद्यार्थियों एवं शिक्षण स्टाफ का जीएचएवीपी साइट पर विजिट करने हेतु स्वागत किया। श्री नीरज गौड़, तक. अधि.-एफ एवं स.सा.पीएसी ने विद्यार्थियों एवं शिक्षण स्टाफ को संबोधित करते हुए जीएचएवीपी द्वारा समय-समय पर आयोजित जन-जागरुकता गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने ने सीएसआर योजना के तहत आस-पड़ौस के गाँवों के विकास के लिए एनपीसीआईएल के योगदान के बारे में बताया। उन्होंने 'नाभिकीय ऊर्जा एवं समाज को इसके लाभ' के बारे में एवं जीएचएवीपी में चल रही विभिन्न परियोजना गतिविधियों के बारे में भी जानकारी साझा की।

Shri Ombeer Singh, Nurse-D & Member-PAC welcomed the students and teaching staff for visiting the GHAVP site. Shri Neeraj Gaur, TO/F & Member Secy.-PAC addressed the students and faculties regarding Public Awareness activities organized by GHAVP time to time. He explained about the contribution of NPCIL to the neighborhood villages for their development under CSR scheme. He also shared the knowledge about 'Nuclear energy and its benefits to society' and various project ongoing activities at GHAVP.

कार्यक्रम करीब 10:30 बजे शुरू हुआ और 13:30 बजे तक चला। श्री नीरज गौड़, ने 'परमाणु ऊर्जा और उसके परिप्रेक्ष्य' विषय पर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी। प्रस्तुति का उद्देश्य परमाणु ऊर्जा, परियोजना की चल रही निर्माण गतिविधियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा परमाणु ऊर्जा को सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए किए जा रहे उपायों के बारे में जानकारी प्रदान करना था।

The programme began at around 10:30 hrs. and lasted up to 13:30 hrs. Shri Neeraj Gaur given the presentation through PPT on the topic of 'Nuclear Energy and its Perspective'. The aim of the presentation was to enhance the awareness about nuclear energy, on-going project activities and to provide the information about the measure being taken to make nuclear energy safe & environmentally benign.

कार्यक्रम में परमाणु ऊर्जा को सुरक्षित, किफायती, पर्यावरणीय रूप से सौम्य, विद्युत ऊर्जा के दीर्घकालिक स्रोत के रूप में केंद्रित किया गया तथा श्रोताओं के दिमाग से विकिरण के बारे में गलत धारणाओं को दूर किया गया। प्रस्तुति के दौरान प्रतिभागियों द्वारा उठाई गई विभिन्न

शंकाओं/प्रश्नों का जीएचएवीपी अधिकारियों द्वारा उदाहरणों के साथ निराकरण किया गया। जीएचएवीपी के अधिकारियों ने नाभिकीय विद्युत उत्पादन प्रक्रिया के बारे में बताया एवं इस बात पर जोर दिया कि नाभिकीय विद्युत उत्पादन सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल है तथा उन्होंने नाभिकीय विद्युत तथा विकिरण से संबंधित मिथकों को दूर किया।

The program also focused towards Nuclear power as safe, economical, environmentally benign, long-term source of electrical energy and removed the misconceptions about radiation from their mind. During the presentation, various doubts / queries raised by the participants were cleared with examples by GHAVP Officials. The GHAVP officials explained about the nuclear power generation process and emphasized that nuclear power generation is safe & environment friendly and cleared the myths related to nuclear power and radiation.

प्रस्तुति के उपरांत विद्यार्थियों के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया तथा विजेता प्रतिभागियों को जीएचएवीपी अधिकारियों एवं स्कूल स्टाफ द्वारा प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। श्री मितेंद्र सिंह, वैज्ञानिक अधिकारी/ई ने विद्यार्थियों व स्टाफ के सदस्यों को दा.भा.पा.रि. के अर्ध-गतिशील मॉडल को भी समझाया। सभी आगंतुकों ने विजिट के दौरान उपलब्ध कराए गए तथ्यों और आंकड़ों की काफी सराहना की। उन्होंने परमाणु ऊर्जा को सुरक्षित और पर्यावरण हितैषी बनाने के लिए किए जा रहे कदमों की सराहना की। वे विजिट के दौरान नाभिकीय विद्युत के बारे में जानने के लिए अत्यधिक जिज्ञासु थे।

A Quiz program is organized after the presentation for the students and prizes were distributed to the winners by the GHAVP Officials & School Staff. Shri Mitendra Singh, SO/E has explained the semi dynamic models of PHWR to all the students and teachers. All the visitors were quite appreciative of the facts and figures provided during the visit. They appreciated the measure being taken to make nuclear energy safe & environmentally benign. They were very keen to learn during the visit.

न्यू बीजीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोरखपुर से श्री वींरेंदर सिंह, लेक्चरर ने इस तरह के एक अद्भुत और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम के आयोजन के लिए जीएचएवीपी प्रबंधन और पीएसीजीएचएवीपी टीम को धन्यवाद दिया।- उन्होंने देश की बढ़ती बिजली की जरुरतो को पूरा करने के लिए विद्युत् उर्जा के एक सुरक्षित, पर्यावरण के अनुकूल तथा आर्थिक रूप से व्यवहार्य स्रोत के रूप में परमाणु ऊर्जा का उत्पादन करने के लिए परमाणु ऊर्जा के उपयोग की सराहना की।

Shri Virendra Singh, Lecturer, New BGN Senior Secondary School, Gorakhpur thanked GHAVP management & PAC-GHAVP team for organizing such a wonderful & knowledgeable programme. He appreciated the use of Nuclear Energy for producing nuclear power as a safe, environmentally benign and economically viable source of electrical energy to meet the increasing electricity needs of the country.

अनुलग्नक Encl:

कार्यक्रम के दौरान ली गई तस्वीरें एवं फीडबैक फॉर्म।
Photos taken during the above programme & Feedback Forms.

तैयारकर्ता Prepared by:

नीरज गौड़ Neeraj Gaur
त.अधि.-एफ (एन.एस.)TO/F (NNS) &
सदस्य सचिव पीएसी , Member Secy., PAC
गो.हरि.अणु वि.परि GHAVP

समीक्षा एवं जारीकर्ता Reviewed and issued by:

महेश प्रसाद Mahesh Prasad
परि.अभि. (सी&आई) एवं अध्यक्ष-पीएसी
PE(C&I) & Chairman-PAC
गो.हरि.अणु वि.परि, GHAVP

- परि. निदे., जीएचएवीपी PD, GHAVP
- वैब पृष्ठ, जीएचएवीपी Web page – GHAVP
- वैब पृष्ठ पृथ्वी ,Web page-Prithvi

Welcomed of Students & teaching staff by GHAVP Official (Sh. Ombeer Singh)

Introductory Speech on GHAVP activities by GHAVP Official

Semi Dynamic PHWR Model explanation by GHAVP Official (Sh. Mitendra Singh)

PHWR Plant Layout Model explanation by GHAVP Official

Discussion on Radiation

Explaining about Nuclear power

Quiz Session

Prize Distribution to the Quiz Winners

Gratitude by Sh. Virendra Singh, Lecturer of New BGN Sr. Sec. School for Organizing PA program

Group Photo

जीएचएवीपी परियोजना की गतिविधियों पर फीडबैक

Feedback on GHAVP Project Activities

1. परियोजना साइट पर सुरक्षा के बारे में आपके क्या विचार हैं?
   What is your view about security at project site?

   परियोजना साइट पर सुरक्षा बहुत अच्छी है। सुरक्षा से संबंधित सभी नियमों की अनुपालना की गई। हम इस सुरक्षा प्रणाली से बहुत प्रभावित हुए और बहुत अच्छा लगा।

2. परियोजना की गतिविधियों में एनपीसीआईएल द्वारा लिए जाने वाले सुरक्षा पहलुओं के बारे में आपके क्या विचार हैं?
   What is your view about the safety measures being taken up by NPCIL in project activities?

   एन पी सी आई एल द्वारा लिए जाने वाले सुरक्षा पहलु बहुत प्रशंसनीय एवं सुरक्षा की दृष्टि से बहुत अच्छे हैं। हम इन पहलुओं से बिल्कुल सहमत हैं।

3. भूकम्प की स्थिति के दौरान मुख्य भवन की नींव द्वारा इस स्थिति को सहन किए जाने हेतु एनपीसीआईएल द्वारा किए गए उपायों के बारे में आप क्या सोचते हैं?
   What do you think about the measures taken by NPCIL to withstand the Main Building foundation during earthquake condition?

   एन पी सी आई एल द्वारा प्राकृतिक आपदा जैसे भूकम्प आदि से नुकसान से बचाने के लिए नींव को अति सुदृढ़ और मजबूत एवं व्यवस्थित तरीके से किया गया है जो कि सुरक्षित एवं हानि रहित है।

4. क्या परमाणु बिजली केंद्र से प्राप्त विकिरण हानिकारक है? इस बारे में आपके क्या विचार हैं?
   Whether the Radiations received from Nuclear Power Station is harmful? What is your opinion on this?

   परमाणु बिजली केन्द्र से प्राप्त विकिरण स्वास्थ्य पैमाने के स्तर से बहुत कम है जो स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छी बात है। हमारे विचार से यह संयंत्र जीव प्रजाति के लिए बिल्कुल हानिकारक नहीं है।

5. जीएचएवीपी, एनपीसीआईएल के आस-पड़ौस के क्षेत्रों में सीएसआर की कौनसी गतिविधियाँ की जा रही हैं?
   Which type of CSR activities are being undertaken by GHAVP, NPCIL in neighbourhood areas?

   NPCIL पड़ौसी क्षेत्र में लोगों की सुविधा के लिए आवश्यक मदों को पूरा कर रहे हैं। जैसे रोड बनवाना, जल टैंक बनवाना आदि। धीरे-धीरे इस क्षेत्र का विकास का विकास हो रहा है।

6. जीएचएवीपी में आपके दौरे के दौरान साझा करने हेतु आपका अनुभव?
   Sharing of experience during your visit at GHAVP?

   जीएचएवीपी के दौरे के दौरान हमारा अनुभव बहुत अच्छा रहा। हमारे हृदय के छिपे हुए सवालों को जवाब मिले और NPCIL के अधिकारियों की जानकारी हमें बहुत अच्छी लगी और हमारी जिज्ञासा संतुष्ट हुई।